## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने कैलाश लालवानी को सौंपा अधिमान्यता कार्ड



**शहडोल।** कलेक्ट डॉ.केदार सिंह ने मध्य प्रदेश शासन के जनसंपर्क संचालनालय भोपाल द्वारा दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ कैलाश लालवानी को जारी जिला स्तरीय अधिमान्यता कार्ड प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मध्यान्ह भोजन में लापरवाही पर दिखाई सख्ती



**शहडोल।** जिले की जनपद पंचायत गोहपारू के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुधीर दिनकर ने प्राथमिक एवं माध्यमिक पाठशाला चुहरी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं मीनू के अनुरूप भोजन न बनाए जाने पर सीईओ ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित स्व सहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया तथा निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सीईओ दिनकर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन द्वारा निर्धारित मीनू और गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन अनिवार्य है, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एपीओ मनोज मिश्रा, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सीईओ की इस कार्रवाई से विद्यालयों में संचालित योजनाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**शहडोल।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस (ताला खोलकर) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे, राजनैतिक दल के प्रतिनिधि विष्णु प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कृषि शिक्षा को ज़मीन से जोडऩे की पहल



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय ने कृषि एवं कृषक कल्याण की दिशा में एक ठोस और व्यावहारिक पहल करते हुए सत्र 2025-26 के अंतर्गत किसान-छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव एवं एग्रो-इंडस्ट्रियल अटैचमेंट के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य कृषि शिक्षा को पुस्तकों से निकालकर खेतों और किसानों से सीधे जोडना रहा। कार्यक्रम के दौरान किसानों और कृषि छात्रों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ। किसानों ने खेती से जुड़ी जमीनी समस्याएं, अनुभव और नवाचार साझा किए, वहीं छात्रों ने वैज्ञानिक पद्धतियों, आधुनिक तकनीकों और कृषि उद्यमिता से जुड़ा ज्ञान प्राप्त किया। इस संवाद से विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों और संभावनाओं को समझने का अवसर मिला। एग्रीकल्चर विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद पांडेय ने किसानों का स्वागत करते हुए इस आयोजन को कृषि शिक्षा को अधिक व्यवहारिक, रोजगारोन्मुखी और समाजोपयोगी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने श्री अन्न के महत्व और विपणन पर सशक्त उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि अन्न केवल भोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, अर्थव्यवस्था और जीवन दर्शन की आधारशिला है।

## टैक्स का पैसा क्या सिर्फ खास घरों को रोशन करने के लिए

# शहडोल नगर पालिका: साहब की मेहरबानी, सड़कों पर मनमानी








शहडोल।

संभागीय मुख्यालय की नगर पालिका इन दिनों जनसेवा के लिए कम और अपने चहेतों पर इनायत बरसाने के लिए ज्यादा चर्चा में है। शहर की सडक़ों पर पसरा अतिक्रमण और हाल ही में हुई बस दुर्घटना इस बात का चीख-चीख कर प्रमाण दे रही हैं कि जब रक्षक ही भक्षक की भूमिका में आ जाए, तो व्यवस्था का दम घुटना लाजिमी है। नगर पालिका में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, यहां एक साहब ऐसे भी हैं, जिनकी मूल नियुक्ति तो विद्युत उपयंत्री के रूप में हुई है, लेकिन उनका मोह राजस्व की मलाई से इस कदर जुड़ा है कि वे बिजली के खंभों से ज्यादा सडक़ किनारे लगने वाले ठेलों में रुचि दिखा रहे हैं। चर्चा है कि साहब को राजस्व का प्रभार क्या मिला, उनकी किस्मत के सितारे राज रेसीडेंसी के ऊंचे आशियानों तक जा पहुंचे। लोग दबी जुबान में पूछ रहे हैं कि बिजली विभाग का जिम्मेदार अधिकारी सडक़ों पर ठेले लगवाने और हटवाने के खेल में इतना व्यस्त क्यों है? क्या नगर पालिका के पास योग्य राजस्व अधिकारियों का अकाल पड़ गया है?

### मौत को दावत देता अवैध साम्राज्य

बस स्टैंड से लेकर कोटमा तिराहा तक की सडक़ें अब चलने के लिए नहीं, बल्कि अवैध वसूली का केंद्र बन गई हैं। सीएम हेल्पलाइन (181) पर शिकायत क्रमांक 34725158 के जरिए जनता ने 02 अक्टूबर को गुहार लगाई थी कि इन अवैध कब्जों को हटाया जाए, वरना कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है, लेकिन सत्ता और रसूख के नशे में चूर जिम्मेदारों ने इसे रद्दी की टोकरी में डाल दिया। परिणाम 07 नवम्बर को एक निर्दोष व्यक्ति को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। सवाल यह उठता है कि क्या इस मौत की जिम्मेदारी सिर्फ उस बस चालक की है या उन अधिकारियों को भी सह-अभियुक्त बनाया जाना चाहिए जिन्होंने राजनैतिक दबाव या आर्थिक लाभ के चलते इन अवैध ठेलों को संरक्षण दिया।

### चौपाटी में नया विवाद

विद्युत साहब की कार्यशैली भी निराली है, बीते दिनों दलबल के साथ चौपाटी पहुंचे तो थे किराया वसूली के नाम पर, लेकिन खेल कुछ और ही हो गया। आरोप है कि वसूली की आड़ में वहां एक नया ठेला एडजस्ट करने की कोशिश की गई, जिससे दुकानदारों के बीच विवाद की चिंगारी भडक़ गई। साहब के लिए शायद शहर की सुचारू व्यवस्था से ज्यादा जरूरी वेंडर मैनेजमेंट है। यही हाल गांधी चौक से बुढ़ार चौक और कोतवाली रोड का है। सब्जी मंडी की अव्यवस्था और गायब हो चुके फुटपाथ साहब की कार्यक्षमता पर तमाचा हैं। जब जनता पैदल चलने को मोहताज है, तब साहब अपने खास वेंडरों को उपकृत करने में मशगूल हैं।

### खजाना जनता का, फिटिंग रिश्तेदारों की?

नगर पालिका के गलियारों में चर्चा गरम है कि साहब की दरियादिली अपनों के लिए असीमित है। चर्चा है कि जब बिजली विभाग अपने हाथ में हो, तो रिश्तेदार के घर की फिटिंग के लिए नगर पालिका के फंड का उपयोग करना अधिकार बन जाता है। आम जनता जो खून-पसीने की कमाई से टैक्स भरती है, उसे शायद यह जानकर हैरत होगी कि उनका पैसा शहर की सडक़ों को रोशन करने के बजाय किसी खास के आशियाने को चमकाने में खर्च हो रहा है।

### एक ही वेंडर पर इतना प्यार क्यों?

भ्रष्टाचार की बू तब और गहरी हो जाती है जब नगर पालिका के कई महत्वपूर्ण कार्यों का ठेका घूम-फिरकर एक ही वेंडर की झोली में गिरता है। सार्थक और अरुण जैसे सहयोगियों के साथ साहब की जुगलबंदी नगर पालिका के भीतर चर्चा का विषय बनी हुई है। आखिर क्या वजह है कि नियम-कायदों को ताक पर रखकर एक ही वेंडर को सुपर वेंडर बनाया जा रहा है?

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को भेजी गई शिकायतों के बाद अब गेंद प्रशासन के पाले में है। क्या एक विद्युत उपयंत्री अपनी मर्जी से पूरे शहर की यातायात व्यवस्था को दांव पर लगा सकता है? क्या दुर्घटनाओं में हुई मौतों का हिसाब उन अधिकारियों से लिया जाएगा, जिन्होंने समय रहते कार्यवाही नहीं की? शहडोल की जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के इस विद्युत जाल की सफाई चाहती है।

## कप्तान के बंगले के सामने सरेआम गुंडागर्दी, कानून-व्यवस्था पर करारा तमाचा



शहडोल।

जिले में कानून का इकबाल लगातार कमजोर पड़ता दिख रहा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अब अपराधियों को न तो पुलिस का डर है और न ही पुलिस कप्तान के बंगले के सामने वारदात करने में कोई संकोच। ताजा मामला जिले के सबसे अति-संवेदनशील इलाके भगत सिंह परिसर का है, जहां पुलिस कप्तान का निवास ठीक सामने और शहडोल जोन के डीआईजी कार्यालय बगल में स्थित है। इसी हाई-सिक्योरिटी जोन में खुलेआम मारपीट की घटना ने पुलिस व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। दुकान लगाने को लेकर हुए मामूली विवाद ने कुछ ही पलों में हिंसक रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद के बाद कुछ दबंगों ने एक युवक को घेर लिया और सरेआम लात-घूंसे, मुक्कों से उसकी बेरहमी से पिटाई की। यह नजारा कई मिनट तक चलता रहा, लेकिन आसपास मौजूद लोग डर के मारे तमाशबीन बने रहे। बाद में कुछ साहसी लोगों ने बीच-बचाव किया। शोर-शराबा बढऩे पर पास में मौजूद महिला थाना सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, तब कहीं जाकर एक पुलिसकर्मी के हस्तक्षेप से स्थिति काबू में आई।

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद कोतवाली स्टाफ ने मीडिया से बातचीत में मामले की जानकारी से ही इनकार कर दिया। थाना प्रभारी से संपर्क तक नहीं हो सका। वहीं मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जो पुलिस के दावों की सच्चाई खुद बयां कर रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले बस स्टैंड पर ड्यूटी कर रहे एक पुलिस आरक्षक की बस से कुचलकर मौत हो चुकी है, जिस पर विपक्ष ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए थे। अब कप्तान के बंगले के सामने हुई यह घटना साफ संकेत है कि शहडोल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। सवाल यह है कि जब पुलिस अपने सबसे सुरक्षित क्षेत्र में हालात नहीं संभाल पा रही, तो आम नागरिक खुद को कैसे सुरक्षित माने?

## राष्ट्रीय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता की सफलता हेतु शिक्षक संघ संकल्पित



**शहडोल।** 69वीं राष्ट्रीय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2025 (आयु वर्ग 14 वर्ष) का आयोजन 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक शहडोल जिले में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल पूरी तरह संकल्पित होकर सहयोग में जुट गया है। यह जानकारी मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल के अध्यक्ष लालजी तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि भगवान की कृपा से मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से शहडोल संभाग का नाम जुड़ा है तथा संभाग मुख्यालय शहडोल की पावन धरा विराट नगर (बाणगंगा) ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। ऐसे गौरवशाली क्षेत्र में राष्ट्रीय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन न केवल शहडोल जिले, बल्कि समस्त शिक्षक समाज के लिए गर्व का विषय है। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक अमले के साथ-साथ शैक्षिक अमले की भी ड्यूटी लगाई गई है। इन दायित्वों का निर्वहन कर रहे शिक्षक साथी पूरी निष्ठा और क्षमता के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा संगठनात्मक स्तर पर भी व्यापक सहयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। लालजी तिवारी ने बताया कि संगठन के सभी कार्यकर्ता स्वप्रेरणा से देशभर से आने वाली बालिका खिलाडिय़ों की सुविधा हेतु तत्पर रहेंगे। रेलवे स्टेशन से लेकर आवास व्यवस्था तथा खेल मैदान तक शिक्षक संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहकर सहयोग प्रदान करेंगे, ताकि किसी भी खिलाड़ी को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी आग्रह किया गया है कि प्रतियोगिता के दौरान जहां भी अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता हो, सूचना मिलते ही संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता सहयोग के लिए उपस्थित रहेगा। नगर, जिला, संभाग एवं प्रांत स्तर के संगठन पदाधिकारी प्रतियोगिता के समापन तक पूर्ण क्षमता के साथ आयोजन में सहयोग प्रदान करेंगे।

## देर रात मौत बनकर पलटी कार: तीन युवकों की मौके पर ही मौत, दो जिंदगी से जूझ रहे



उमरिया।

**जिले में मंगलवार देर रात रफ्तार और लापरवाही ने ऐसा तांडव मचाया कि पूरा इलाका सन्न रह गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइन चौकी अंतर्गत ताला मार्ग पर खैरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ से करीब तीस मीटर नीचे जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात लगभग एक बजे कार तेज रफ्तार में थी। दावत से लौटने के बाद घर जाने के बजाय पांचों दोस्त ताला की ओर घूमने निकले थे। लेकिन खैरा मोड़ पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। कार पलटते हुए नीचे जा गिरी। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में रेहान अंसारी उम्र 17 वर्ष पिता वकील अंसारी, निवासी कैम्प उमरिया, सलमान खान उम्र 23 वर्ष पिता रहमान, निवासी नौरोजाबाद और इमरान उम्र 18 वर्ष पिता इतिहान, निवासी बड़ेरी की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों की असमय मौत ने उनके परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए, जहां मातम और चीखों से माहौल गमगीन हो गया।

वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल फैज और शाहिद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है और उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है। पुलिस का कहना है कि कार का चालक पक्ष पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि सभी युवक वाहन मैकेनिक का काम सीख रहे थे और भविष्य के सपने संजोए हुए थे। लेकिन तेज रफ्तार और लापरवाही ने उन सपनों को कुचल दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा एक बार फिर साबित करता है कि रफ्तार की जरा-सी चूक पूरे परिवारों को उजाड़ सकती है।

## शहडोल में सजेगा बास्केटबॉल का राष्ट्रीय मंच 30 टीमों की भिड़ंत कल से, तैयारियों ने पकड़ा जोर



शहडोल।

**संभागीय मुख्यालय एक बार फिर राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने को तैयार है। 19 दिसंबर से शुरू हो रही 14 वर्षीय राष्ट्रीय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। खेल की इस महाकुंभ में देश के 28 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की करीब 30 टीमें अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगी। लोक शिक्षण के संयुक्त संचालक उमेश धुर्वे ने प्रेसवार्ता के दौरान स्पष्ट किया कि आयोजन को भव्य और त्रुटिहीन बनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।**

**मैदानों का जाल और खिलाडिय़ों का जमावड़ा -** प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे गांधी स्टेडियम में होगा। खेल के रोमांच को चार अलग-अलग स्थानों गांधी स्टेडियम, गुड शेफर्ड कान्वेंट, इंदिरा गांधी गृह विज्ञान महाविद्यालय और डाइट परिसर के बास्केटबॉल मैदानों में बांटा गया है। खिलाडिय़ों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन पर विशेष सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां से विशेष वाहनों द्वारा खिलाडिय़ों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है। कुल 358 खिलाड़ी, 75 कोच और प्रबंधकों के साथ 28 तकनीकी अधिकारियों की मौजूदगी इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएगी।

**ठंड से सुरक्षा और शाही मेहमाननवाजी -**कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन ने खिलाडिय़ों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। छात्रावासों में रूम हीटर, गीजर और गरम पानी की व्यवस्था की गई है। भोजन के मेनू में विविधता रखते हुए वेज और नॉन-वेज दोनों विकल्प दिए गए हैं, जिसकी गुणवत्ता पर स्वास्थ्य विभाग की सीधी नजर रहेगी। खिलाडिय़ों के मनोरंजन के लिए प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा, जिससे देश की विविधता का संगम डाइट परिसर में देखने को मिलेगा।

**विराट नगरी की साख का सवाल-** संयुक्त संचालक उमेश धुर्वे ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि देशभर से आ रहे ये नन्हे खिलाड़ी शहडोल के मेहमान हैं। हमारा लक्ष्य केवल प्रतियोगिता संपन्न कराना नहीं, बल्कि खिलाडिय़ों को शहडोल की सुखद स्मृतियों के साथ विदा करना है। सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए आवास स्थलों पर ही मेडिकल टीमें तैनात रहेंगी। प्रेसवार्ता में जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मारपाची, सहायक संचालक रईस अहमद, विवेक पाण्डेय और अरविंद पाण्डेय सहित शिक्षा विभाग के आलाधिकारी व मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछनी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के.जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाघमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

## अमरकंटक में ठंड का कहर जारी, पारा शून्य के नीचे पहुंचा



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में शीतलहर का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। विगत तीनदृचार दिनों से तापमान में निरंतर गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने लगा है। ठंड का असर इस कदर बढ़ गया है कि न्यूनतम तापमान शून्य के नीचे पहुंच गया है। बुधवार की सुबह अमरकंटक के नर्मदा तट के दोनों ओर नमी वाले क्षेत्रों में ओस की बूंदें जम गईं। तट के किनारे और खुले स्थानों पर जमी ओस बर्फ की तरह दिखाई दी, जिससे पूरा क्षेत्र शीतल सफेद चादर में ढका नजर आया। प्रातःकालीन भ्रमण पर निकले श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक इस नजारे को देखकर हैरान रह गए। तेज ठंड के चलते सुबह और रात के समय लोगों की आवाजाही कम हो गई है। स्थानीय लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं, वहीं बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। ठंड बढ़ने से पर्यटक स्थलों पर भी सन्नाटा पसरा रहा। मौसम के जानकारों के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ सकता है।

## बिजुरी पुलिस ने 90 बोरी अवैध कोयला परिवहन करते वाहन किया जप्त

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में चोरी की सूचना पर त्वरित कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में बिजुरी पुलिस द्वारा 17 दिसम्बर को अवैध कोयला परिवहन करते पिकअप वाहन को जप्त कर कार्यवाही की गयी। 16 दिसम्बर की रात्रि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन क्र एमपी 65 जीए 1060 मे चोरी का कोयला लेकर बिजुरी तरफ से मौहरी की तरफ जाने वाला है मुखबिर की सूचना पर थाने के स्टाप की मदद से संदेही पिकअप वाहन को रोककर वाहन की तलाशी ली गयी जिसम 90 बोरियो मे कुल 1580 किलोग्राम अवैध कोयला बरामद हुआ, जिस पर पिकअप वाहन चालक वीरेन्द्र पाण्डेय पिता जगदीश पाण्डेय उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मौहरी से कोयले एवं परिवहन के संबंध मे दस्तावेज चाहे गये जिसके कोई वैध दस्तावेज नही मिला, जिस पर पिकअप वाहन को विधिवत जप्त किया जाकर थाना सुरक्षार्थ खडा किया गया। वाहन चालक वीरेन्द्र पाण्डेय पिता जगदीश पाण्डेय उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मौहरी तथा वाहन स्वामी सागर मिश्रा पिता जमुना प्रसाद मिश्रा उम्र32 वर्ष निवासी मौहरी थानगांव थाना बिजुरी के विरुद्ध खनिज अधिनियम का कायम कर विवेचना मे लिया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिंह सहायक उपनिरीक्षक बृजेश पाण्डेय, आरक्षक मनोज उपाध्याय, रामनिवास गुर्जर, विश्वजीत मिश्रा, अभिषेक शर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# तीन दिवसीय भूकंपरोधी संरचना निर्माण विषयक प्रशिक्षण प्रारंभ

**उमरिया। आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल, गृह विभाग म.प्र. शासन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में एवं यूनिसेफ मध्यप्रदेश के सहयोग से तीन दिवसीय भूकंपरोधी संरचना निर्माण विषयक प्रशिक्षण का आयोजन बांधवगढ़ सभाकक्ष, जिला पंचायत कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि उमरिया जिला भूकंप की दृष्टि से सिस्मिक जोन-3 में आता है।**




जिला सिस्मिक जोन-3 में होने से भूकंप के प्रति संवेदनशील है, इस प्रकार के प्रशिक्षण से जिले में पदस्थ विभिन्न विभागों के सिविल कार्य से जुड़े अधिकारीगणों की दक्षता में वृधि होगी। उन्होंने प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि सभी लोग प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और अपने विभाग के अंतर्गत आने वाली विषयों पर विशेष ध्यान दें जिससे कि सभी प्रतिभागियों का प्रभावी ज्ञानवर्धन हो सके और भविष्य में आपके द्वारा बनायीं जाने वाली संरचनाओं का निर्माण भूकंप रोधी बनाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह ने कहा कि आपदा कभी भी, कही भी ,किसी भी रूप में आ सकती है । आपदा के दौरान जागरूकता के अभाव में असमंजस एवं भय का वातावरण निर्मित हो जाता है, इस प्रकार की कार्यशालाए आपदा के प्रभाव को कम करने में सहायक होती है। कार्यक्रम समन्वयक, आपदा प्रबंध संस्थान गृह विभाग भोपाल अभिषेक मिश्रा ने कहा कि भूकंप से किसी की मृत्यु नहीं होती है हमारे व्दारा बनाई गई संरचनाओ के ढहने मे लोगो की मृत्यु होती है। प्रशिक्षण से प्रतिभागियो की समझ विकसित होगी । कार्यक्रम में आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल गृह विभाग के तुषार गोलाईत, तकनीकी विशेषज्ञ ने भूकंप आपदा, सिस्मोलौजी, कारण एवं बचाव के उपायों के बारे में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सुश्री संस्कृति मरकाम,सब इंजीनियर सहित 55 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय सुश्री रवीना पटेल, एस.डी.ओ. लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया। 18 दिसंबर को बिल्डिग कोड्स के बारे मे जानकारी एवं फील्ड विजिट आयोजित की जाएगी ।

## वॉश ऑन व्हील अभियान का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ



उमरिया।

जिले में स्वच्छता एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वॉश ऑन व्हीलश अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत उमरिया में जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने किया ।

यह एक ऐसा नवाचार है जो व्यक्तिगत एवं संस्थागत शौचालयों की साफ-सफाई के काम को एक आधुनिक समाधान प्रदान करता है जिससे संस्थागत एवं घरेलू शौचालयों की निरंतर साफ-सफाई की व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त जिलेवासियों द्वारा वॉश ऑन व्हील मोबाइल एप के माध्यम से डिमांड दर्ज कर साफ सफाई हेतु ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। जिला प्रभारी मंत्री द्वारा सभी स्वच्छता साथियों को माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विधायक बांधवगढ़ विधानसभा शिवनारायण सिंह,कलेक्टर धारनेंद्र कुमार जैन,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागों के अधिकारी एवं जिला समन्वयक एवं ब्लाक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) से उपस्थित रहे।

## अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं



**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता ने जिले के दूर दराज से आए आम जनो की समस्याओं को सुना तथा आवेदनो के निराकरण के लिए संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया ।

जनसुनवाई में सुखलाल सोनी पोस्ट टिकुरी ने जमीन से कब्जा हटाने,सूर्य प्रकाश जायसवाल अमरपुर ने सीमांकन कराने,शोभनाथ साकेत जनपद पंचायत करकेली ने बैंक खाते में लगे होल्ड को हटाने,विजय सिंह देवरी ने वन अधिकार का पट्टा दिलाने, सियाराम मेहरा ग्राम बरबसपुर ने निर्मित अमृत सरोवर तालाब मे टेक्टर ट्राली की राशि भुगतान करानें , अर्जुन सिंह, जितेन्द्र सिंह, सुनील सिंह, राजेन्द्र सिंह ग्राम खिचकिडी ने पीने के पानी की समस्यां से निजात दिलाने, भागवत सिंह, पवन, राजेंद्र ग्राम पटपरिया ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना का लाभ दिलाने,रामदयाल,रामप्रसाद, अर्जुन सिंह,नरेश सिंह ग्राम ठूठाकुदरी ने खेल मैदान मे हुए अतिक्रमण को हटाने संबंधी आवेदन किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जेल का निरीक्षण

### साक्षरता शिविर एवं जेल विजिट के दौरान कैदियों को योगा एवं सूर्य नमस्कार कराया गया।

उमरिया

न्यायाधीश , सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याया0 मोहन डाबर ने जेल का निरीक्षण किया तथा विधिक साक्षरता शिविर एवं जेल विजिट के दौरान कैदियों को योगा एवं सूर्य नमस्कार कराया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने स्वयं बंदियों के मध्य जाकर बंदियों को अनुशासन में रहने तथा प्रसन्न रहकर जेल में संचालित स्वरोजगार प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।




न्यायाधीश ने योगा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जेल चिकित्सक के परामर्श से बीमार एवं वृध्द बंदियो के स्वास्थ्य लाभ के लिये शिविर में सेराजेम मशीन का प्रेक्टिकल किया । यह मशीन स्पाइनल कार्ड एवं न्युरोजेनिक प्रोबलम हेतु बहुत अच्छी है। सामान्य व्यक्ति को भी इसका उपयोग करना चाहिये। जेल प्रशासन का यह सराहनीय कदम का सार्थक प्रयास का लाभ सभी को मिले। न्यायाधीश के द्वारा बंदियों को विधिक सेवा से निःशुल्क अधिवक्ता नियुक्त होने की प्रक्रिया एवं बंदियो के आपराधिक प्रकरण में पैरवी तथा जमानत मिलने तथा सजा प्रावधान के कानून की जानकारी दी गई। बंदियों के वस्त्र, हिस्ट्री टिकिट, पेशी दिनांक, वीडियो कांफ्रेंसिंग, प्रत्यक्ष मुलाकात, इनकमिंग टेलीफोन, पाकशाला, आटा चक्की, भंडार गृह, जेल अस्पताल, बंदियों के बैरक, शौचालय साफ सफाई, स्नानागार एवं जेल के आंतरिक परिसर का अवलोकन किया गया। बंदियों से पूछताछ कर उनकी समस्या की जानकारी ली गई। बंदियों के द्वारा कोई समस्या होना नही बताया गया।

शिविर में सामाजिक संस्था चौतन्य समिति उमरिया के जिला समंवयक प्रियंका प्रजापति, एवं सदस्य काव्या सिंह राठौर, चंद्रवती साकेत तथा प्रीति वर्मन एवं सेराजेम संस्था कटनी के सहसंचालक बालकृष्ण मिश्रा तथा पी.एल. वी. सुजीत महोबिया, आशीष साहू की उपस्थिति रही। जेल निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक डी.के. सारस, ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी एवं प्रहरी उपस्थित रहे ।

## नाबालिग एवं युवितयों के गुम होने की बढ़ रही घटनाएं

**हरिभूमि न्यूज कोतमा** कोयलांचल क्षेत्र से लगातार नाबालिगो एवं युवितयों के गुम होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। नई घटना भालूमाड़ा थाना अंतर्गत कुशियारा फाटक के पास रहने वाली 18 वर्षीय युवती के घर से बिना बताए कहीं चले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों के द्वारा पास पड़ोस, रिश्तेदारी एवं अन्य संभावित जगहों में पता तलाश किए जाने के बाद भी न मिलने पर भाई भागवत पांव ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस के द्वारा गुम इंसान कायम करते हुए दस्तयाबी के प्रयास किया जा रहे हैं।

## शनिवार को हो रहा भजन कीर्तन और भंडारा



**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** हरदग्राउंड जमुना कॉलोनी में प्रति शनिवार शनि मंदिर के पास हो रही है सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन जिसमें श्रद्धालु लोगों की या पर भीड़ देखी जाती हैं भक्त लोग मंदिर की आरती होने के बाद सुंदरकांड शुरू हो जाती है जो देर रात तक चलती है शाम को विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर परिसर से जुड़े हुए लोगों के द्वारा किया जाता है जिसमें भक्त लोग आसपास के क्षेत्र के प्रसाद ग्रहण करते हैं।

## एसडीएम ने धान उपार्जन केंद्र परासी का किया निरीक्षण

### धान की खरीदी 1 दिसंबर से प्रारंभ हो गई



उमरिया।

शासन के निर्देशासनुसार धान की खरीदी 1 दिसंबर से प्रारंभ हो गई है। गत दिवस एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी ने परासी, धमोखर का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों कि बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था,धान के बोरी की पैकेजिंग,तौल,स्लॉट के अनुसार किसानों से धान खरीदी की जानकारी प्राप्त की । निरीक्षण के दौरान धान के परिवहन में हो रही परेशानी के लिए सहकारिता विभाग से कहा कि परिवहन करने वालो से बात करें और धान का परिवहन कराएं। सहकारिता एवं खाद्य अधिकारी से कहा कि मिलर्स से अनुबंध समय में कराने की बात कही ।

# कुपोषित बच्चों को प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया गोद

### कुपोषण को दूर करने के लिए किया गया नवाचार



उमरिया।

**प्रशासनिक स्तर पर कुपोषण दूर करने हेतु कमिश्नर शहडोल संभाग एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नई पहल की जा रही है जिसमें पोषण थाली, पोषण पजल एवं जागरूक माता पिता सम्मान समारोह शामिल है।**

कार्यक्रमों के द्वारा प्रत्येक आंगनबाड़ी में कुपोषण पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में रंग बिरंगे फ्लैश कार्ड और रंग बिरंगी थालियों के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कुपोषित बच्चों के परिवार जन को समझाइश के रूप में वजन बढ़ाने वाले पौष्टिक भोजन,हरी सब्जिया,फल, सुपुष्टि चूर्ण के रूप में मुरमुरा, गुड, चना इत्यादि सामग्री का मिश्रण तैयार करने एवं सहजन की पत्तियों का पाउडर बनाकर बच्चो को खिलाने की समझाइश दी जा रही है, साथ ही साथ जो कुपोषित बच्चे अब स्वस्थ हो चुके हैं, उन के माता-पिता का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिससे अन्य परिवारजनों का उत्साह बढ़ सके। नवाचार के रूप में कुपोषित बच्चों का गोद कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें कलेक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा कुपोषित बच्चों को गोद लिया गया जिसमें समय समय पर अधिकारियों द्वारा बच्चो के स्वस्थ पर निगरानी की जाएगी जिसमें बच्चो के स्वस्थ में सुधार हो सके। इस अवसर पर आंगनबाडी केंद्र क्रमांक 20 , परियोजना मानपुर आंगनबाडी चिल्हारी, ग्राम पंचायत चंदवार, पाली वार्ड नंबर 9 तथा करकेली विकासखंड के आंगनबाडी केंद्र भुंडी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता सहित, परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर,सहायिकाएं एवं महिलाएं उपस्थित रही।

### पागल कुत्ते के द्वारा एक महिला पर भी झपटते हुए हमला किया

## नगर में लगातार बढ़ रहा कुत्तों का आतंक

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** आए दिन कुत्तों के काटने से लोग घायल होकर अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं, वही नगर पालिका के द्वारा उदासीनता बरती जो रही है। नये मामले में सोमवार को एक पागल कुत्ते के द्वारा वार्ड क्रमांक एक निवासी बनवारी सोनी 52 बर्ष एवं राम मनोहर केवट को काटे जाने के बाद दर्द से तड़पते हुए अस्पताल में भर्ती कराया गया।



वार्ड के नन्हू गुप्ता, आशीष सोनी सहित अन्य लोगों के अनुसार कुत्ता पागल है जिसकी गतिविधियां अजीब देखी जा रही है जिसके द्वारा अचानक झपट्टा मारते हुए हमला कर दिया जा रहा है। कुत्ता के काटे जाने से घायलो को रेबीज का इंजेक्शन लगाकर उपचार किया जा रहा है। पागल कुत्ते के द्वारा एक महिला पर भी झपटते हुए हमला किया जिसे वार्डवासियों की मदद से बचाया जा सका। सोमवार की शाम बनवारी सोनी घर से बाजार जा रहे थे इस दौरान पागल कुत्ते ने झपटकर घायल कर दिया। कुत्ते के द्वारा दो से तीन जगह काटा गया जिससे उसे गंभीर रूप से घायल होने पर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

विदित रहे कि आबादी क्षेत्र में लगातार बढ़ते कुत्तों के आतंक के कारण सुप्रीम कोर्ट के द्वारा भी सार्वजनिक स्थान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार एवं अस्पताल परिसर एवं स्कूल के आसपास से कुत्तों को हटाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसको लेकर भी नगर पालिका के द्वारा लापरवाही की जा रही है। परिणाम स्वरुप हर दिन डॉग बाइट के मामले सामने आ रहे हैं और अस्पताल में भीड़ देखी जा रही है।

## सृजन शुक्ला ने पहले ही प्रयास में क्लैट एग्जाम में हासिल की सफलता

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला के बेटे सृजन शुक्ला ने पहले ही प्रयास में क्लैट एग्जाम में सफलता हासिल की, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में बधाईयों का तांता लगा है। सृजन शुक्ला आगे न्याय के क्षेत्र में जाकर लोगों की सेवा करना चाहता है। सफलता का श्रेय माता पिता के साथ इंदौर कोचिंग स्टाफ को दिया है। मूलतः रीवा के त्यौंथर निवासी सृजन शुक्ला के लिए गर्व का पल रहा जिन्होंने कॉमन ला एडमिशन टेस्ट (क्लैट) में पहले ही प्रयास में शानदार सफलता हासिल की। 18 साल की उम्र में ही सफलता ने परिवार एवं अन्य लोगों को खुशकर दिया। कक्षा 10 वीं से ही क्लैट की तैयारी में जुटे सृजन ने इंदौर में कोचिंग करते हुए 7 दिसंबर को एग्जाम दिया जिसका रिजल्ट मंगलवार को जारी हुआ। सृजन के पिता रत्नांबर शुक्ल थाना प्रभारी के पद पर कोतमा में पदस्थ है जबकि



माता गृहणी है। माता पिता ने बेटे की उपलब्धि को कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम बताया। पिता रत्नांबर शुक्ल ने बताया कि बेटा सृजन शुरू से ही लक्ष्य को लेकर गंभीर रहा है। प्रतिदिन 8 से 10 घंटे की मेहनत से सफल हो सका। सफलता पर परिवार के लोगों ने मिठाई बांटते हुए यादगार बना दिया।

**खबर संक्षेप**

## वेयर हाउस संचालक की मनमानी पर प्रशासन का हंटर

**उमरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों से दुर्व्यवहार और शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करना एक वेयर हाउस संचालक को भारी पड़ गया। सिलपरी स्थित केपीएस वेयर हाउस के संचालक कर्ण सिंह बघेल के विरुद्ध बिलासपुर थाने में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई गई है। प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए उक्त वेयर हाउस को खरीदी कार्य से तत्काल प्रभाव से पृथक भी कर दिया है।

**समय से पहले तौल बंद कराने की जिद**–मामला 11 दिसंबर का है, जब हरवाह उपार्जन केंद्र (केपीएस वेयर हाउस सिलपरी) में तौल का कार्य चल रहा था। शाम करीब 4:45 बजे संचालक कर्ण सिंह ने अचानक लेबरों को कांटा बंद करने का आदेश दे दिया। जबकि शासन के नियमानुसार खरीदी का समय सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक निर्धारित है। मौके पर मौजूद कृषक संजय राय ने जब अपनी शेष 65 बोरी धान की तौल पूरी करने की मांग की, तो संचालक उग्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों और जांच अधिकारियों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि बात धक्का-मुक्की और अभद्रता तक पहुंच गई।

**जांच में खुली पोल**– शिकायत मिलने पर जिल-ा आपूर्ति अधिकारी के निर्देश पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जागृति प्रजापति और लक्ष्मी मरावी ने मौके पर पहुंचकर सघन जांच की। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि संचालक ने अनधिकृत रूप से खरीदी रोकने का प्रयास किया। कृषक संजय राय ने अपने बयान में बताया कि जब उन्होंने तौल बंद करने का विरोध किया और कथित कमीशन की बात छेड़ी, तो संचालक ने उत्तेजित होकर उनका मोबाइल तक छीन लिया। यद्यपि कुछ किसानों ने अवैध वसूली की बात से इनकार किया है, लेकिन जांच टीम ने पाया कि संचालक द्वारा निर्धारित समय से पूर्व तौल बंद कराना और किसान के साथ दुव्र्यवहार करना सीधे तौर पर शासकीय प्रक्रिया का उल्लंघन है।

**जीरो टॉलरेंस का संदेश**– जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## अवैध लाइट, हूटर और सायरन पर प्रशासन का कड़ा प्रहार

**शहडोल।** सडक़ों पर नियमों को ताक पर रखकर अवैध लाइट, हूटर और सायरन लगाने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई तय है। माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा रिट पिटीशन क्रमांक 295/2012 (एस. राजशेखरन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य) में 07 अक्टूबर को पारित आदेश के अनुपालन में जिला प्रशासन और यातायात पुलिस ने सडक़ सुरक्षा को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। साफ शब्दों में चेतावनी दी गई है कि अब कानून तोडऩे वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जांच और चेकिंग के दौरान यह गंभीर रूप से सामने आया है कि कई वाहन चालक और ऑटोमोबाइल दुकानदार बिना किसी सक्षम प्राधिकृत अनुमति के वाहनों में हाई बीम, हाई मास्क लाइट, व्हाइट डैज़लिंग लाइट, रेड-ब्लू स्ट्रोब लाइट, अवैध हूटर और सायरन फिट कर रहे हैं।

## धनपुरी में चोरी का कोयला

### होटल–ढाबों की भट्ठियां और सिगड़ियों से जहरीले धुएं में घुटता शहर

# कोयला बंद: सिगड़ी, भट्ठी चालू

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा घरेलू उपयोग के लिए कोयला आपूर्ति पर पूर्ण प्रतिबंध और रसोई गैस की वैकल्पिक व्यवस्था के बावजूद धनपुरी कोयलांचल में कोयले का दुरुपयोग थमने का नाम नहीं ले रहा है।**

धनपुरी।





स्थिति यह है कि नगर के लगभग हर मोहल्ले में कालरी के कोयले से सिगड़ियां सुलगती देखी जा सकती हैं।होटलों में भी धड़ल्ले से जल रहा कालरी का कोयलाकेवल घरों तक ही नहीं, बल्कि धनपुरी आज़ाद चौक से लेकर कादरी नंबर-3 तक स्थित अधिकांश होटल, ढाबा और चाय-नाश्ते के ठेले भी गैस के साथ-साथ चोरी के कोयले का खुलेआम उपयोग कर रहे हैं। होटल व्यवसायी रोटी, नान, पराठा, चाय और अन्य खाद्य सामग्री तैयार करने में कोयले से जलने वाली भट्ठियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे न सिर्फ नियमों की अवहेलना हो रही है, बल्कि खाद्य सुरक्षा और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है।प्रशासन की नाक के नीचे कारोबारहैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल नगर के सबसे व्यस्त चौराहों और बाजार क्षेत्रों में चल रहा है, जहां पुलिस, नगर पालिका और प्रशासनिक अमले की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद न तो किसी होटल संचालक पर कार्रवाई होती है और न ही कोयले के स्रोत को लेकर कोई जांच की जाती है।धुएं से बिगड़ती दृश्यता, बढ़ता खतरादोपहर बाद से घरों की सिगड़ियों और होटलों की भट्ठियों से उठने वाला काला धुआं पूरे नगर को अपनी चपेट में ले लेता है। शहडोल–अमरकंटक मार्ग और अंदरूनी सड़कों पर दृश्यता इतनी कम हो जाती है कि शाम के समय वाहन चालकों को रास्ता तक दिखाई नहीं देता। कई बार इस धुएं के कारण दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और लोग घायल भी हुए हैं।स्वास्थ्य और राजस्व—दोनों पर मारकोयले के धुएं से बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों की सेहत पर गंभीर असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर कोयला चोरी से एसईसीएल को लगातार राजस्व हानि उठानी पड़ रही है, लेकिन सुरक्षा विभाग और प्रबंधन की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है।अगर मिले अधिकार तो बदले हालातस्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि धनपुरी थाना प्रभारी को विशेष अधिकार देकर कोयला चोरी और अवैध उपयोग के खिलाफ अभियान चलाने की अनुमति दी जाए, तो होटल–ढाबों में जल रहे कोयले और घरों की सिगड़ियों पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है।सख्त कार्रवाई की मांगस्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, खाद्य विभाग और एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है किहोटल–ढाबों में कोयले के उपयोग पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए चोरी के कोयले की आपूर्ति श्रृंखला की जांच हो दोषी होटल संचालकों और कोयला चोरों पर कड़ी कार्रवाई की जाएअब सवाल साफ है—जब नियम सबके लिए एक हैं, तो फिर कालरी का कोयला सिगड़ी और होटल की भट्ठियों तक आखिर पहुंच कैसे रहा है?



### मेडिकल कॉलेज चौराहा पर तेज रफ्तार कार ने मचाई दहशत

## स्कूटी सवार युवती और एएसआई घायल

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज चौराहे पर एक बार फिर तेज रफ्तार वाहन ने कहर मचाया। रायपुर से रीवा की ओर जा रही कार ने नियंत्रण खोकर सडक़ किनारे लगी चाय की गुमटी में घुसते हुए स्कूटी सवार युवती और मेडिकल कॉलेज चौकी में तैनात सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) भैरव सिंह को घायल कर दिया।

पुलिस के अनुसार स्कूटी सवार युवती बस स्टैंड की ओर जा रही थी, तभी अचानक उसका वाहन कार के सामने आ गया। युवती को बचाने के प्रयास में कार चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। हादसे में गुमटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार के शीशे में बड़ी लकड़ी आर-पार हो गई। स्कूटी सवार युवती और कार चालक को हल्की चोटें आईं, जबकि एएसआई भैरव सिंह मामूली रूप से घायल हुए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज चौराहा लंबे समय से ब्लैक स्पॉट बन चुका है। यहां आए दिन हादसे होते हैं और कई लोगों की जान जा चुकी है। सडक़ किनारे लगे ठेले और गुमटियां दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं। स्थानीय लोग बार-बार स्टॉपर लगाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सोहागपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजा और स्थिति को नियंत्रित किया।

**इनका कहना है...**

एएसआई भैरव सिंह मेडिकल कॉलेज चौकी में पदस्थ हैं। स्कूटी सवार युवती को बचाने के दौरान कार चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वाहन चाय की दुकान में जा घुसा। मामले की जांच की जा रही है।

भूपेंद्र मणि पाण्डेय
थाना प्रभारी, सोहागपुर

# 44 वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में 2024 व 2025 में लगातार तृतीय स्थान प्राप्त पर रहा शहडोल

### खो-खो खेल के माध्यम से शहडोल जिले का नाम प्रदेश में रोशन

बुढार।





**जबलपुर में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित 44 वी जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जिला खो-खो संघ ज़िले का 15 सदस्यीय टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर पूरे शहडोल जिले को गौरवान्वित किया, यह सफलता जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रहा है।**

खो-खो टीम की इस उपलब्धि का श्रेय मुख्य रूप से कोच मोहम्मद इमरान को बताया जा रहा है, जिनके कुशल प्रशिक्षण,अनुशासन और प्रेरणादायक मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कोच मोहम्मद इमरान वर्षों से खो-खो जैसे पारंपरिक खेल को नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। और वह खुद भी राष्ट्रीय खिलाडी है

इस उपलब्धि पर धनपुरी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छावड़ा एवं बुढ़ार नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने खिलाड़ियों एवं कोच को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने जिले में खेलों को और अधिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

यह सफलता जिले के विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सम्मान, पहचान और करियर का मजबूत माध्यम है। खो-खो जैसे भारतीय खेलों को अपनाकर युवा प्रदेश व देश स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। जिला खो-खो संघ शहडोल ने अपेक्षा व्यक्त की है कि भविष्य में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जिले में और अधिक खेल प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे शहडोल खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सके।

### कोच मोहम्मद इमरान ने बताया

"खो-खो सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन,गति और टीम भावना का प्रतीक है, युवा वर्ग खेल को अपनाए और अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रखे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को लक्ष्य बनाकर हमने 15 दिनों का सघन प्रशिक्षण शिविर बूढ़ार के कुशाभाऊ ठाकरे खेल मैदान में लगाया, जहां खिलाड़ियों ने पसीना बहाकर खुद को मील का पत्थर साबित किया। सीमित संसाधन कभी हमारी राह नहीं रोक सकते, जब इरादे मजबूत हों। यह तृतीय स्थान सिर्फ एक पदक नहीं, बल्कि शहडोल के युवाओं के आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत है। मेरा संकल्प है कि शहडोल का हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी खो-खो के जरिये प्रदेश, देश और दुनिया में अपना परचम लहराए।" साथ ही शहडोल जिले के खेल प्रेमी अपने खिलाडियों का हौंसला बढाने के लिए सिनियर खिलाडी दिव्यांशु सिंह राणा, महेंद्र सिंह,रिषभ सेन,शिब्बू यादव एवं खो-खो के विशिष्ट विवेक यादव भी वहा पहुंचकर टीम का हौंसला अफजाई किया।

# ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पर रवि मिश्रा की ताजपोशी



बिरसिंहपुर पाली

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पाली के पद पर रवि मिश्रा की ताजपोशी किये जाने से पाली के काग्रेस में हर्ष का माहौल बना हुआ है। नव युवा रवि मिश्रा इसके पूर्व काग्रेस के विभिन्न पदो पर आसीन रहते हुए कांग्रेस के सौंपे गयें दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने का गौरव हासिल किया गया था। आप सदैव कांग्रेस के रीति नीति का पालन करते हुए संगठन को आगे बढाने का काम करते हुए इस मंजिल तक पहुँचे हैं।विदित होवे की युवक कांग्रेस में आप संभागीय महासचिव की जिम्मेदारी पिछले दशक में वर्ष 2012- 13 में निभाया, तथा वर्ष 2014 -18 तक नगर काग्रेंस अध्यक्ष का काम सम्हालने का आपने दायित्व निभाया। इसके साथ ही वर्ष 2019 में जन भागीदार समिति में शासकीय महाविद्यालय पाली में काम काज करने का बखूबी योगदान निभाया है। इसके साथ ही ब्लॉक काग्रेस पाली में महासचिव पद के साथ विधान सभा चुनाव में सक्रिय कार्य किया है। इनके इन्ही सक्रिय कार्यशैली से प्रभावित होकर काग्रेस ने ब्लॉक कांग्रेस की जिम्मेदारी सौंपी है। रवि मिश्रा के साथ युवाओं का अपार सर्मथन और वरिष्ठों का भरपूर मार्गदर्शन मिला है। इनकी इस ताज पोशी से पाली विकास खंड में हर्ष की लहर छायी हुई है और बधाइयों का तारा लगा हुआ है । आज सुबह पाली में ब्लाक अध्यक्ष बनने के बाद नगर की अधिष्ठात्री देवी जगत जननी बिरासनी माँ के दर्शन कर आर्शीवाद लिया और माँ से कामना किया की अपने दायित्वों का बखूबी पालन कर सकूँ ।इस अवसर पर राम बिहारी उपाध्याय, आनंद मिश्रा, विनोद शर्मा, रमेश सिंह सेंगर, युवा कांग्रेस जिला सचिव सनू उपाध्याय, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष रजनीश तिवारी, नीतेश, शुक्ला, जावेद खान, विजय गुप्ता, रवि प्रजापति, लकी वर्मा, अंकित मिश्रा, बंटी वर्मा के साथ युवाओं का हुजुम मंदिर परिसर उपस्थित रहें।

### उज्ज्वला योजना: पहले आओ-पहले पाओ पर मिलेगा लाभ

## गरीब महिलाओं को 25 लाख नए गैस कनेक्शन

शहडोल।



आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को स्वच्छ और सुरक्षित रसोई ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आवेदन मार्च 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं। योजना के क्रियान्वयन और जनजागरूकता को लेकर कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी गई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जबलपुर हेड समीर शुक्ला ने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पात्र महिलाएं नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप, ऑनलाइन पोर्टल अथवा नजदीकी सीएससी सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि जिन गरीब परिवारों के पास पहले से कोई एलपीजी कनेक्शन नहीं है, उन्हीं परिवारों की महिलाओं को योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पात्रता का निर्धारण वंचना, घोषणा पत्र और अन्य दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा, जिसकी जांच जिला उज्ज्वला समिति द्वारा की जाएगी। आवेदन के लिए ई-केवाईसी फॉर्म (फोटो सहित), निवास प्रमाण पत्र, परिवार संरचना से संबंधित दस्तावेज, आवेदक एवं परिवार के सभी वयस्क सदस्यों का आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, वंचना घोषणा पत्र अनिवार्य है। प्रवासी परिवारों के लिए स्व-घोषणा पत्र भी मान्य होगा। समीर शुक्ला ने बताया कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 25 लाख अतिरिक्त निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए हैं। यह निर्णय गरीब और वंचित वर्ग की महिलाओं को धुएं से मुक्त रसोई, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रेसवार्ता में इंडियन ऑयल के मैनेजर नवीन बिसेन, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।

# पौष्टिक आहार के महत्व को समझाने आंगनबाड़ियों में कार्यक्रम









बिरसिंहपुर पाली

समाज से कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए महिला बाल विकास विभाग के व्दारा सतत रूप से प्रयास रत है, और इसे जन अभियान बनाकर समाज की महिलाओं और बच्चों तक इसकी समझ बढाने का काम किया जा रहा है इसी कड़ी में महिला बाल विकास विभाग के परियोजना पाली द्वारा पोषण काड्र्स के माध्यम से आमजन में पोषण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायतों में कराया जा रहा है, पोषण जागरूकता का मुख्य उद्देश्य आमजन में पोषण से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने की पहल की गयी। आयु वार सही पोषण आहार की जानकारी देकर लोगो को स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के बारे में विस्तार से बतलाया गया। बताया गया की कुपोषित माँ कुपोषित बच्चों को जन्म देती है, इसलिए माँ को पहले कुपोषण से बचाना है ताकि नवजात शिशु जन्म से ही स्वस्थ और तंदरुस्त हो,एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और विकास करता है।इस प्रक्रिया से धीरे धीरे हम कुपोषण की स्थिति को कम सकते है और धीरे धीरे कुपोषण मुक्त परियोजना बनाना है।इसी तारतम्य में आज वार्ड नंबर 09 की आंगनबाड़ी केंद्र में वार्ड पार्षद श्री घनश्याम काछी, राजेश यादव, प्रेमशरण सोनी , शिक्षा विभाग से श्री फूलचंद जी के उपस्थिति में छोटे बच्चों की माताओं को पोषण काड्र्स का वितरण किया गया और उनसे अपने बच्चे के दैनिक जीवन में पोषण की जरूरत को समझते हुए काड्र्स उठाने को बताया गया, सभी महिलाओं ने अपने काड्र्स उठाए जिसमें पोषण से परिपूर्ण काड्र्स वार्ड नंबर 09 निवासी श्रीमती मंजू रजक द्वारा उठाया गया, उनकी बेटी अभी वर्तमान में मध्यम कुपोषित है और आंगनबाड़ी के पौष्टिक पाउडर को प्रतिदिन खिलाकर बच्ची का पोषण स्तर ठीक किया जा रहा है। श्रीमती मंजू रजक की थाली में पौष्टिक अनाज, दाल,फल एवं सब्जियां थी।वार्ड पार्षद श्री घनश्याम काछी द्वारा उनका उत्साह वर्धन किया गया और सभी सदस्यों द्वारा उनका सम्मान किया गया।इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास परियोजना पाली के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी मोनिका सिंहा, सुपर वाइजर गायत्री सिंह ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशि राजपूत सहायिका उर्मिला प्रजापति के साथ वार्ड की धात्री, गर्भवती महिलाओं के साथ अन्य महिलाओं ने भाग लिया।

**खबर संक्षेप**

## धान के नाम पर ओवरलोड ट्रकों से नगर की सड़कें बेहाल



**कोतमा।** नगर मे धान परिवहन करने वाले वाहनों के द्वारा खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। 16 टन क्षमता वाले ट्रकों में 25 से 30 टन तक धान भरकर सड़कों पर बेखौफ दौड़ाया जा रहा है ओवरलोड ट्रकों के कारण नगर की सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रही हैं और आम नागरिकों की जान पर सीधा खतरा मंडरा रहा है यहां तक कि घंटो जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। धान उपार्जन केंद्रों से निकलने वाले ट्रकों पर न तो तौल की सख्त जांच हो रही है और न ही परिवहन नियमों का पालन कराया जा रहा है ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की सड़कों पर भारी वाहनों की बेलगाम आवाजाही से दुर्घटना की आशंका लगातार बढ़ रही है, लेकिन परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोडिंग के कारण कई मार्गों पर सड़कें टूट चुकी हैं, फिर भी जिम्मेदार विभाग मौन हैं यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। बुधवार की सुबह नगर के अंडरब्रिज में ओवर लोड धान का वाहन फंस गया जिससे दोनों ओर से आने वाले वाहनों का घंटो जाम लगा रहा। यातायात बाधित होने की जानकारी लगते ही मौके पर थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल पहुचे और वाहनों चालक को सख्त हिदायत देते हुए ओवर लोड धान को तत्काल खाली करवाते हुए जाम खुलवाया गया साथ ही जहां से धान वाहनों मे लोड करवाया जाता है उन्हें निर्देश देते हुए कहा गया कि क्षमता से अधिक यदि वाहनों में धान लोड करवाया गया तो उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी के द्वारा ओवर लोड धान के वाहन पर चालानी कार्यवाही की गई है। नागरिकों ने मांग कि है कि ओवरलोड धान परिवहन पर तत्काल रोक लगे और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाए।

### केबिन में बुलाकर प्रोफेसर ने छात्रा से की अश्लील हरकत

# विश्वविद्यालय में गुरू-शिष्या की पवित्रता पर प्रोफेसर ने पोती कालिख

### छात्रा ने थाने में शिकायत की, यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन में छात्रों का प्रदर्शन
### छात्रा बोली- अश्लील कृत्य किया, प्रोफेसर ने कहा- पास होने के लिए लगा रही झूठे आरोप

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अमरकंटक स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय फिर विवादों के घेरे मे है। विभिन्न आरोपों से घिरे विश्वविद्यालय मे अक्सर यहां के अधिकारी प्रोफेसरों पर आपत्तिजनक क्रियकलाप के आरोप लगते रहे हैं। एक बार फिर कुछ ऐसे ही आरोप से विश्वविद्यालय सामना कर रहा है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय की छात्रा ने सहायक प्रोफेसर डॉ. नयन साहू पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा का कहना है कि प्रोफेसर ने अपने केबिन में बुलाकर अश्लील हरकत की। बात नहीं मानने पर कहा कि मैं तुम्हें बदनाम कर दूंगा। छात्रा ने मंगलवार रात 9 बजे अमरकंटक थाने में शिकायत की, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद गुस्साए छात्रों ने बुधवार दोपहर यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन में प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रबंधन



के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही प्रोफेसर को बर्खास्त करने की मांग की। यूनिवर्सिटी के पीआरओ रजनीश त्रिपाठी ने बताया कि इंटरनल कमेटी ने जांच रिपोर्ट कुलसचिव को दे दी है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मांग नहीं मानने पर बदनाम करने की धमकी

शिकायत में छात्रा ने बताया कि सोमवार शाम करीब 5 बजे डॉ. नयन साहू ने उन्हें वनस्पति



विज्ञान विभाग के केबिन में बुलाया। प्रोफेसर ने ऐसी भाषा और व्यवहार में बात की, जो शिक्षक-छात्र संबंध की गरिमा के विपरीत थी। उन्होंने अश्लील कृत्य किया, अनैतिक प्रस्ताव भी दिया। छात्रा का आरोप है कि प्रोफेसर ने किसी को नहीं बताने की धमकी दी थी। छात्रा का आरोप है कि प्रोफेसर ने धमकी दी कि उनकी बात नहीं मानी तो वह उसे बदनाम कर देंगे। साथ ही करियर भी बर्बाद कर देंगे। प्रोफेसर ने खुद को यूनिवर्सिटी के टीचर एसोसिएशन का महासचिव बताते हुए भी गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

### प्रोफेसर के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग

छात्रा ने पुलिस से मांग की है कि आरोपी प्रोफेसर को उनसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संपर्क से रोका जाए। साथ ही उनके खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। उन्हें छात्रा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन या शैक्षणिक निर्णय प्रक्रिया से अलग किया जाए। छात्रा का कहना है कि उसने ईमेल के माध्यम से इसकी शिकायत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी की है।

### नारेबाजी कर की प्रोफेसर पर कार्रवाई की मांग

घटना के विरोध में दोपहर करीब 3 बजे सभी छात्र और छात्राएं इकट्ठा होकर विश्वविद्यालय परिसर के एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग के सामने धरने पर बैठ गए। वे यहां प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। छात्रों का कहना है कि प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

### छात्रा लगा रही झूठे आरोप- प्रोफेसर

प्रोफेसर नयन साहू ने कहा कि मेरे पर लगे आरोप झूठे हैं। छात्रा पास होने के लिए झूठे आरोप लगा रही है। मैंने अपनी पूरी बात अपने अधिकारियों को बता दी है। पुष्पराजगढ़ एसडीओपी नवीन तिवारी ने बताया कि छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई है।

## श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की हो रही अमृत वर्षा



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अयोध्या के प्रतिष्ठित संत, श्री राम वल्लभा कुंज जानकी घाट अयोध्या के पीठाधीश्वर श्रीरामदास वेदांती महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के सत्र में रुक्मिणी प्रसंग पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने रुक्मिणी के प्रेम, भक्ति और आत्मसमर्पण के गहरे अर्थों को श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया और कहा कि यह प्रसंग भगवानकृष्ण के साथ उनके अनन्य संबंधों का प्रतीक है। सुनील शुक्ला एवं पत्रकार राजकुमार शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला, ओम शुक्ला बंधुओं के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में वेदांती महाराज ने कहा, "रुक्मिणी का हृदय केवल प्रेम का ही नहीं, बल्कि शुद्ध भक्ति का भी प्रतिबिंब है। जब हम इस कथा को सुनते हैं, तो हमारे भीतर भी वही शुद्धता और समर्पण जाग्रत होता है।" उन्होंने यह भी बताया कि इस कथा का श्रवण करने से मनुष्य के भीतर के अंधकार को दूर किया जा सकता है और जीवन में शांति स्थापित होती है। भागवत कथा सप्ताह का आयोजन शुक्ला बंधुओं द्वारा निज निवास अनूपपुर में श्रोताओं को भागवत पुराण की महिमा, नैमिषारण्य की कथा और कलियुग के उपायों से परिचित कराया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय भक्तों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और कथा के अंत में भजन कीर्तन के साथ समापन किया गया।

## अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

### कोतमा पुलिस की नशे के विरूद्ध एक और प्रभावी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अति. पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी महोदय कोतमा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल व उनकी टीम ने अवैध मादक पदार्थ गांजा 2.70 किलो ग्राम कीमती 21000 रूपये एवं 02 नग मोबाईल जप्त कर, दो आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेजा है। 16 दिसंबर को थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल को विश्वशनीय मुखुबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पचखुरा पानी की टंकी के पास एक व्यक्ति खड़ा होकर मोबाईल पर किसी व्यक्ति से अवैध गांजा खोड़री नं0 01 तरफ से लाने की बात कर रहा है। मुखबिर की



सूचना पर थाना प्रभारी कोतमा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताये हुए स्थान पर रेड़ कार्यवाही हेतु रवाना किया गया तो एक व्यक्ति ग्राम खोड़री तरफ से ग्राम पचखुरा तरफ हाथ मे बोरी में कुछ लिये आते दिखा जो ग्राम पचखुरा पानी की टंकी के पास रोड पर पहुंचकर रोड पर खडे व्यक्ति को बोरी दे रहा था जिन्हे कोतमा पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ गया जिनसे नाम पता पूछने पर अपना नाम राकेश कुमार तिवारी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र 36 साल निवासी ग्राम खोड़री एवं दुसरे व्यक्ति द्वारा अपना नाम हेमराज जयसवाल उर्फ मोटू पिता रामउजागर जयसवाल उम्र 35 साल निवासी जर्रा टोला थाना कोतमा का होना बताया जिनकी विधिअनुसार तलाशी ली गई जिनके पास रखे बोरी की तलाशी पर बोरी के अंदर खाकी रंग के टेप से चिपके हुए दो पैकेट मिले दोनो पैकेटो को खोलकर देखा गया जिसके अंदर कली दार मादक पदार्थ गंजा पाया जाने पर आरोपी राकेश कुमार तिवारी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र 36 साल निवासी ग्राम खोड़री एवं दूसरे व्यक्ति द्वारा अपना नाम हेमराज जयसवाल उर्फ मोटू पिता राम उजागर जायसवाल उम्र 35 साल निवासी जर्रा टोला थाना कोतमा के विरूद्ध धारा 08/20 बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर उनके कब्जे अवैध मादक पदार्थ गांजा 02.70 किलो ग्राम कीमती 21000 रूपये एवं 02 नग मोबाईल जप्त किया गया एवं गिरफ्तार आरोपी राकेश कुमार तिवारी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी उम्र 36 साल निवासी ग्राम खोड़री एवं दूसरे व्यक्ति द्वारा अपना नाम हेमराज जायसवाल उर्फ मोटू पिता रामउजागर जायसवाल उम्र 35 साल निवासी जर्रा टोला को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।



## शहडोल प्रभारी गौरव सिरोठिया ने सीएम डॉ. मोहन यादव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शहडोल संभाग के प्रभारी गौरव सिरोठिया ने मुख्यमंत्री निवास पर आत्मीय भेंट की। यह भेंट संगठनात्मक मजबूती को नई दिशा प्रदान करने वाली साबित हुई। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। सिरोठिया ने शहडोल संभाग में चल रही भाजपा की गतिविधियो तथा स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं की चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि "संगठन की ताकत ही हमारी सरकार की नींव है। शहडोल जैसे क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं की मेहनत से प्रदेश का विकास सुनिश्चित होगा। सिरोठिया ने भेंट के बाद बताया कि मुख्यमंत्री के सुझावों से शहडोल संभाग में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। यह भेंट न केवल स्थानीय स्तर पर उत्साह बढ़ाएगी, बल्कि शहडोल संभाग में भाजपा के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं से निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

## कमिश्नर एवं कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र खूंटा टोला का किया निरीक्षण



### हरिभूमि की खबर के बाद बढ़ी प्रशासनिक सख्ती

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता एवं कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत उपार्जन केंद्र खूंटा टोला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्लॉट बुकिंग एवं धान उपार्जन की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। समिति प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि उपार्जन केंद्र में कुल 320 स्लॉट बुक किए गए हैं, जिनमें से 157 किसानों द्वारा अपने धान का विक्रय पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 24 किसान आज धान का उपार्जन करेंगे तथा 81 किसान अभी शेष हैं। निरीक्षण के


हरिभूमि

अव्यवस्था पर भड़के कलेक्टर ने दिये केंद्र प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

दौरान कमिश्नर ने उपार्जन केंद्र की परिवहन व्यवस्था, वर्षा से बचाव के उपाय, किसानों के लिए पेयजल, तौल कांटा, छाया की व्यवस्था, पंखा, ऑपरेटर की उपस्थिति, संधारित पंजी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं किसानों के अनुकूल बनाए रखने के निर्देश दिए। कमिश्नर एवं कलेक्टर ने अपने समक्ष धान की बोरियों का तौल कराते हुए धान की गुणवत्ता का भी परीक्षण किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही उपार्जन कार्य कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध रखने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी सतीश वर्मा, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अमित शाह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैतहरी आर. के. रैकवार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि उपार्जन केंद्र खूंटा टोला मे व्याप्त भर्रेशाही पर लगाम लगाने प्राथमिकता के आधार पर हरिभूमि ने 5 व 9 दिसंबर के अंक मे खबर का प्रकाशन कर यहां की मनमानी व लापरवाही पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया था, जिसकी गूंज संभाग तक गई। खबर प्रकाशन के बाद कलेक्टर हर्षल पंचोली ने तुरंत संज्ञान लेकर 9 दिसंबर को ही जैतहरी के खूंटा टोला उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया था वही अब बुधवार को कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने भी उपार्जन केंद्र खूंटा टोला का निरीक्षण कर स्लॉट बुकिंग एवं धान उपार्जन की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

## कमिश्नर की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** फोटो निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) के संबंध में रोल ऑब्जर्वर एवं कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने अवगत कराया कि जिले में मतदान केन्द्रों में गणना पत्रकों का सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिले में अनुपस्थित, सिफ्टेड, डुप्लीकेट तथा रिजेक्टेड मतदाताओं के नाम सूची में सत्यापित कर मतदान केन्द्र द्वारा इसकी पुष्टि भी कराई जा रही है। ताकि दावे आपत्ति के समय कम से कम मतदाता की आपत्तियाँ आयें। बैठक में रोल ऑब्जर्वर एवं कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची के अद्यतन किये जाने तथा पात्र व्यक्तियों का सत्यापन व सूची में नाम दर्ज होने में सहयोग की अपेक्षा की गई। बैठक में निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय निगम सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नगर परिषद अध्यक्ष ने साढ़े तीन साल का रखा लेखा-जोखा, कांग्रेस पर साधा निशाना

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा ने पूछा क्या कांग्रेस की राजनीति सिर्फ निकाय तक सिमटी

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** जिले के नगर परिषद राजनगर में इन दिनों सियासी पारा चरम पर है। हाल ही में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनगर द्वारा नगर परिषद परिसर में विभिन्न कथित भ्रष्टाचारों को लेकर दिए गए ज्ञापन के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने मोर्चा संभालते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। इसी क्रम में नगर परिषद राजनगर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष एवं भाजपा पदाधिकारी ने अपने साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल का लेखा-जोखा मीडिया के सामने रखा। साथ ही कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को लेकर कई सवाल भी खड़े किए।

### अध्यक्ष यशवंत सिंह कांग्रेस के दिए गए ज्ञापन में कहा'

नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के ज्ञापन में जिन मांगों का उल्लेख किया गया है, उनमें से कई ऐसे विभागों से संबंधित हैं जिनका सीधा संबंध नगर परिषद से नहीं है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि कांग्रेस की राजनीति केवल निकाय तक सीमित नहीं है, तो फिर जिन कार्यों का संबंध अन्य विभागों से है, उन्हें वहां से कराने का प्रयास क्यों नहीं किया जाता। अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में ऐसे मुद्दों को भी शामिल कर लिया है, मानो उनकी सारी जिम्मेदारी नगर परिषद की ही हो। इससे साफ प्रतीत होता है कि कांग्रेस जनहित के बजाय केवल नगर परिषद कार्यालय को ही राजनीति का केंद्र बनाना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि नगर परिषद बनगवां में कांग्रेस समर्थित नेता उपाध्यक्ष पद पर आसीन हैं। यदि निकाय से जुड़े मामलों पर चर्चा करने में कांग्रेस को कोई आपत्ति है, तो उन्हें



**मेरी संपत्ति की जांच करा लें, भ्रष्टाचार साबित हुआ तो कुर्सी छोड़ दूंगा-अध्यक्ष**

अपने ही दल के उपाध्यक्ष से संवाद कर जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाना चाहिए। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस का उद्देश्य समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि सड़क पर राजनीति कर भाजपा की छवि को धूमिल करना है। नगर परिषद अध्यक्ष ने कांग्रेस पर दोहरी मानसिकता का आरोप लगाते हुए कहा कि ज्ञापन में कहीं भी अभद्र नारेबाजी या निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के खिलाफ "मुर्दाबाद" जैसे नारे लगाने का उल्लेख नहीं था, फिर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ऐसी भाषा का प्रयोग किया गया, जो उनकी नकारात्मक सोच को दर्शाता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अध्यक्ष ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनगर द्वारा सौंपे गए 20 सूत्रीय ज्ञापन को भी मीडिया के समक्ष प्रस्तुत किया तथा प्रत्येक मांग पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किन कारणों से कुछ कार्य पूर्ण नहीं हो पाए और किन कार्यों को कब तक पूरा किया जाएगा, इसकी समय-सीमा भी सार्वजनिक की गई।

### भ्रष्टाचार साबित हुआ तो छोड़ दूंगा कुर्सी

अध्यक्ष ने कहा कि वे अपने घर के प्रत्येक सदस्य की संपूर्ण जानकारी सार्वजनिक करने को तैयार हैं और यदि आवश्यकता पड़ी तो अपनी संपत्ति की निष्पक्ष जांच कराने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर सीधा चुनौती देते हुए कहा कि उनके ऊपर भ्रष्टाचार और अवैध संपत्ति अर्जित करने के जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उसकी पूरी पड़ताल कर ली जाए। अध्यक्ष ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि यह साबित हो जाए कि उन्होंने अपने कार्यकाल में किसी भी व्यक्ति से मात्र एक रुपये की भी रिश्वत मांगी है, तो वे बिना किसी दबाव या शर्त के तत्काल अपने पद से इस्तीफा देने को तैयार हैं।

### भाजपा के कई जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

प्रेस विज्ञप्ति जारी करते समय भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से प्रेमचंद यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, सुरेश गौतम, राजू त्रिपाठी, राजेश कलसा, जिला अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ धर्मेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, नगर परिषद डोला के उपाध्यक्ष हरिशंकर तिवारी सहित पार्षद गिरिजा विश्वकर्मा, समय पटेल, सबिता कुशवाहा, पार्वती पनिका राजकुमारी पार्षद पति केदार रौतिया, अंबिकेश सोनी एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।